# पाठ 8
# रक्षाबंधन



आओ भैया, प्यारे भैया,
मस्तक पर शुभ तिलक लगा दूँ।
रक्षाबंधन की बेला में,
धागों का कंगन पहना दूँ॥

युग–युग जियो, फलो–फूलो तुम
जीवन भर मेरे भाई।
राखी के इस शुभ अवसर पर,
यही कामना मैं लाई॥

जब जब रवि–शशि करते विचरण,
गंगा–यमुना हैं साखी।
तब तक रक्षा करे तुम्हारी,
बहना की प्यारी राखी।



दिन बीते सुख चैन भरे,
रातें बीतें आनंद–भरी।
रेशम के कोमल धागों में,
बहना की है प्रीति भरी॥

## शिक्षण संकेत

- रक्षाबंधन से सबंधित पारंपरिक कथाएँ बच्चों को सुनाएँ।
- कविता का हाव–भाव एवं लय से स्वयं वाचन करें और बच्चों से वाचन कराएँ।
- पारिवारिक रिश्तों का महत्व बताएँ।


मेरी बहना प्यारी बहना
तुझे वचन मैं देता हूँ।
जीवन भर अपनी बहना की
रक्षा का प्रण लेता हूँ॥

बहना तेरी आन-बान पर
आँच न मैं आने दूँगा।
इस प्यारी राखी के बदले
जीवन भी अपना दूँगा।

▶ संकलित

## यह भी जाने

चित्तौड़ के महाराणा साँगा का स्वर्गवास हो गया था। उनकी धर्मपत्नी रानी कर्मवती को अकेला और निस्सहाय जानकर गुजरात के बादशाह बहादुरशाह ने चित्तौड़ पर आक्रमण कर दिया। रानी कर्मवती ने चित्तौड़ की रक्षा के लिए दिल्ली के बादशाह हुमायूँ को राखी भेजी। राखी पाकर हुमायूँ कर्मवती की सहायता के लिए चित्तौड़ की ओर चल पड़ा और उसकी सहायता की।



## नए शब्द

**विचरण** - घूमना-फिरना **कंगन**-महिलाओं द्वारा हाथों में पहना जाने वाला एक आभूषण **प्रीति-प्रेम**-स्नेह **शुभ**-अच्छा, श्रेष्ठ **साखी**-गवाह, साक्षी **प्रण**-किसी बात का निश्चय करना **शशि**-चन्द्रमा **बेला**-समय **आन-बान**-सम्मान, इज्जत



## अनुभव विस्तार

### 1. कविता से खोजकर लिखिए-

**(क) सही जोड़ियाँ बनाइए-**

| | | |
|---|---|---|
| आन-बान पर | - | शुभ तिलक लगा दूँ। |
| मस्तक पर | - | आँच न आने दूँगा। |
| दिन बीतें | - | आनंद भरी |
| राते बीतें | - | सुख चैन भरे |

### ( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

1. जीवन भर अपनी बहना की रक्षा का...............लेता हूँ।
2. धागों का ..........पहना दूँ।
3. तब तक ................करे तुम्हारी

## 2. अति लघु उत्तरीय प्रश्न-

### ( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए-

1. मस्तक पर तिलक लगाने की बात किसने किससे कही?
2. बहने भाइयों को राखी किस अवसर पर बाँधती हैं?
3. 'धागों का कँगन पहना दूँ!' से क्या अभिप्राय है?

## 3. लघु उत्तरीय प्रश्न-

### ( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन से पाँच वाक्यों में लिखिए-

1. रक्षाबंधन का त्योहार क्यों मनाते हैं?
2. राखी के अवसर पर बहन क्या कामना करती है?
3. भाई, बहन की रक्षा के लिए क्या वचन देता है?



## भाषा की बात

**योजक चिह्न**

| | |
|---|---|
| रवि-शशि | गंगा-यमुना |
| आनंद-भरी | आन-बान |
| रक्षा-बंधन | भाई-बहन |

ऊपर लिखे शब्दों के बीच में योजक चिह्न ( - ) लगा हुआ है। यह दो शब्दों को जोड़ता है इसके लगाने से योजक शब्दों का लोप हो जाता है जैसे-

'रवि और शशि' में से और का लोप होकर हुआ 'रवि-शशि'

'गंगा और यमुना' में से और का लोप होकर हुआ है 'गंगा-यमुना'

'आनंद से भरी' में से से का लोप होकर हुआ 'आनंद-भरी'

'आन और बान' में से और का लोप होकर हुआ 'आन-बान'

'रक्षा का बंधन' में से का का लोप होकर हुआ 'रक्षा-बंधन'

इसके अलावा एक शब्द जब एक से अधिक बार एक साथ आता है तो भी योजक चिह्न का प्रयोग होता है।

| | | |
|---|---|---|
| जैसे- | युग-युग | क्या-क्या |
| | धीरे-धीरे | जब-जब |
| | कण-कण | अभी - अभी |
| | चम-चम-चम-चम | टप-टप-टप-टप |
| | ढम-ढम-ढम-ढम | छम-छम-छम-छम आदि |

**प्र.1** योजक चिह्न वाले पाँच शब्द लिखिए।

**प्र.2** निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- ।

मस्तक, फूल, भाई, कामना, सूर्य, चन्द्रमा, गंगा



## अब करने की बारी

1 रक्षाबंधन से संबंधित अन्य कथाओं की जानकारी प्राप्त कीजिए।

2 रक्षाबंधन पर खरीदी गई विभिन्न प्रकार की राखियों का संग्रह तैयार कीजिए।

3 अपने आस-पास उपलब्ध सामग्री का प्रयोग करके आप भी राखियाँ तैयार कीजिए।

4 रक्षाबंधन से संबंधित अन्य कविताएँ, पत्र-पत्रिकाओं तथा पुस्तकों से छाँटिए तथा उन्हें कंठस्थ कीजिए।

0

# विविध प्रश्नावली -1

**प्रश्न 1 'अ' और 'ब' खण्ड में दिए गए शब्दों से सही जोड़ी बनाइए**

(अ) 1. बरसात खेल
2. आकाश गुरुजी
3. विद्यालय इन्द्रधनुष
4. मैदान पानी

(ब) 1. पावन भारत
2. केशर उच्च हिमालय
3. रक्षा की दीवार गंगाजल
4. विश्वशांति काश्मीर

**प्रश्न 2 कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -**

1. सुभ्रदा कुमारी का जन्म ........................में हुआ।
2. इन्द्रधनुष में ..............................रंग होते हैं।
3. सुभद्रा को .........................पुरस्कार मिला।
4. ग्रामवासी नाला पार करने के लिए ..........का प्रयोग करते थे।
5. चतुरा ने हरीश की तरफ .........................तरेरी

**प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए-**

1. कवि किस चीज का दान माँग रहा है?
2. राखी के अवसर पर बहन ने क्या प्रार्थना की?
3. जग को मानवता का पाठ किसने पढ़ाया?
4. बच्चों ने गुरुजी को क्या दिखाया?
5. सभा में भाषण देने के लिए कौन खड़ा हुआ था?

**प्रश्न 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो वाक्यों में दीजिए**

1. इन्द्रधनुष में कौन-कौन से रंग होते है?
2. 'मेरा देश महान है' कविता में किन-किन मुख्य बातों का संदेश दिया गया है?
3. 'धागो का कंगन पहना दूँ' से कवि का क्या अभिप्राय है?

4. सुभद्रा कुमारी चौहान ने कौन–कौन से आन्दोलनों में भाग लिया?

5. जिलाध्यक्ष ने पुल का उद्घाटन ग्राम प्रतिनिधियों से क्यों कराया?

6. आज का काम कल करने से क्या हानि होती है?

**प्रश्न 5 निम्नलिखित शब्दों में से संज्ञा सर्वनाम एवं विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए–**

**तुम, मेरे, गंगा, रवि, बहना, प्यारी, कोमल, तुझे, शुभ**

1. निम्नलिखित शब्दों में से संज्ञा, सर्वनाम विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए–

2. निम्नांकित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

   'अक्ल बड़ी या भैंस' काला अक्षर भैंस बराबर, नाक सिकोड़ना

3. निम्नलिखित शब्दों के 'विलोम' लिखिए–

   शुभ, कोमल, मान, जीवन

4. निम्नलिखित शब्दों के 'पर्यायवाची' लिखिए–

   फूल, सूर्य, गंगा, चन्द्रमा

5. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग अलग कीजिए–

   अधपका, अविश्वास, उपहार, परोपकार

**प्रश्न 6 निम्नांकित वाक्यों में रेखांकित शब्द का वचन बदलकर पुनः लिखिए–**

1. मेज पर <u>पत्रिका</u> रखी है।

2. मैं प्रतिदिन <u>कहानियाँ</u> पढ़ता हूँ।

3. <u>बच्चा</u> खेल रहा है।

**प्रश्न 7 नीचे दिए गए चित्र को देखकर पाँच वाक्य लिखिए–**

